संक्षिप्त

सम्मान समारोह कार्यक्रम आज

टोंक। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक के राजयोग भवन में शिक्षक दिवस पर शिक्षाविदों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा ने बताया कि आज शिक्षाविदों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले भर से शिक्षक व शिक्षा विभाग से जुड़े सदस्य शामिल होंगे, जिनका संस्थान द्वारा सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज संस्थान की सहभागी संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाऊंडेशन (आर ई आर एफ) के शिक्षा प्रभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षकद्व ज्ञान,संस्कार व प्रेरणा के स्रोत विषय पर प्रेरक वक्ता अपने विचार रखेंगे साथ ही राजयोग मेडिटेशन और मूल्य शिक्षा पर भी सार्थक चर्चा होगी। ब्रह्माकुमारी प्रभारी ने सभी शिक्षकों को कार्यक्रम मैं शामिल होने की अपील की है।

फरार आरोपी गिरफ्तार

नारायणपुर । नारायणपुर पुलिस ने डकैती के मामले में 11 माह से फरार चल रहे आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि यह मामला 5 अक्टूबर 2024 का है, जब कोलाहेड़ा निवासी कैलाश गुप्ता और उनके बेटे हिमांशु के साथ लूट की घटना हुई थी। दोनों अपनी दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। रास्ते में कोलाहेड़ा मार्ग पर अपाचे बाइक पर सवार बदमाशों ने उन्हें रोक कर मारपीट की और बैग में रखे 30 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी कुलदीप पुत्र पांचूराम जाट निवासी गुणी वाले हनुमान मंदिर के पास मुण्डावरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, एक बाल अपचारी को निरुद्ध कर बाल सुधार गृह भेजा गया है। गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस इससे पहले 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

छप्पन भोग की सजाई झांकी

निवाई। इन्दिरा कॅलोनी में स्थित श्याम मन्दिर में जलझूलनी एकादशी पर बाबा श्याम का पन्चामृत से अभिषेक कर कलकता के फूलों से भव्य श्रंगार किया गया एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। श्याम सेवा समिति के रवि अग्रवाल ने बताया कि एकादशी पर मन्दिर प्रांगण में भक्तों को एकादशी की कथा सुनाई। इस दौरान कोटा, टोंक, सवाईमाधोपुर, बोंली, चाकसू, झिलाय व बनस्थली सहित आस-पास के क्षेत्र से हजारों भक्तों ने दिनभर बाबा श्याम के दर्शन किए। भजन संध्या में गायक दीक्षा राठौड कोटा, महेश दरगड, रवि पारीक व मनीष साहू सहित स्थानीय गायकों ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है, मेरा श्याम बडा रंगीला, हाजरी लिखवाता हु हर ग्यारस को व बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिन पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया। इस दौरान बाबा श्याम की ज्योत जलाई गई। भजन संध्या के बाद महाआरती करके भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया।

वीर तेजाजी मेले आज से

निवाई/गुंसी। गांव कनेसर में दो दिवसीय वीर तेजाजी मेले का शुभारंभ शुक्रवार को भजन संध्या के साथ होगा। मेला अध्यक्ष विनोद स्वामी ने बताया कि दो दिवसीय वीर तेजाजी महाराज के मेले को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। 5सितम्बर को ध्वजारोहण के साथ रात्रि को भव्य जागरण का कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें तेजा गायन व अलगोजा पार्टियां भाग लेगी। भजन संध्या में गायक प्रकाश माली, कमल सुरिया, महेंद्र गौतम व सूरज माली सहित कई स्थानीय गायक भतनों की प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन समिति के राजेंद्र सैनी ने बताया कि शनिवार को तेजाजी मंदिर प्रांगण में मेले को लेकर स्थानीय एवं दूर दराज से आए श्रद्धालु तेजा धाम पर मालपूए का भोग लगाकर प्रदेश में खुशहाली की मंगल कामना करेंगे।

नंदोत्सव मनाया

निवाई। कीर कॉलोनी स्थित दिव्य महादेव मंदिर में कृष्ण सखी महिला मंडल के तत्वावधान में नंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंडल अध्यक्ष आशा जैन ने बताया की महिलाओं ने नंद उत्सव में हाथी, घोडा पालकी जय कन्हैयालाल की, मीठे मीठे सांवरे की मुरली बाजे राधा रानी नाचे, दरबार तेरा सांवरिया किसने सजाया है, दुनिया में देव हजारों है मेरे बालाजी का क्या कहना सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी।

श्री भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर निकाली कलश यात्रा

निवाई। श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर जमात में बालाजी मंडल के तत्वावधान में श्री मद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के आयोजन को लेकर गुरूवार को विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पड़ा। बालाजी मंडल अध्यक्ष जीवतराम यादव ने बताया कि जमात में स्थित श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर में कथा वाचक हरिओम शर्मा के सानिध्य में श्री मद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के आयोजन को लेकर विशाल कलश यात्रा निकाली गई।

उन्होंने बताया कि कलश यात्रा एफसीआई गोदाम के महादेव मंदिर से पंडित पुरुषोत्तम शर्मा के सानिध्य में कलशों को विधिवत पूजा-अर्चना करके रवाना किया गया। कलश यात्रा के भव्य जुलूस का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर जमात में आयोजित श्री मद् भागवत कथा कोलेकर निकाली गई कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

जुलूस में श्रद्धालुओं ने बैण्ड बाजे के भजनों पर जमकर नृत्य किया। वहीं बालाजी महाराज व जय श्रीराम के जमकर जयकारे लगाए। जिससे

- श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, बालाजी महाराज व जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा वातावरण

आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। इस दौरान कलश यात्रा का जुलूस कथा स्थल श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर में पहुंचा।

जहां विद्वान पंडितों के सानिध्य में कलशों की विधिवत स्थापना की गई। इस अवसर पर मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष रामेश्वर चौहान, कमल शर्मा, शंभू दयाल जांगिड़, दानवीर पारीक, कैलाश चौधरी, शशि विजय, रामराय गुर्जर, सत्यनारायण शर्मा व मंदिर पुजारी पंडित पुरुषोत्तम शर्मा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

निरिक्षण किया

कोटपूतली। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले शहर चलो अभियान 2025 के अंतर्गत आमजन को सुगम और त्वरित राहत मिल सके इसलिये नगर परिषद कोटपूतली द्वारा वार्डवार आमजन की समस्याओं को चिन्हित करने एवं आवेदन प्राप्त करने के लिये 04 से 13 सितम्बर तक नगर परिषद क्षेत्र में प्री-कैम्पों का आयोजन किया जा रहा हैं। नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद ने बताया कि प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक इन शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि प्री-कैम्पों में आमजन की समस्याओं को चिन्हित करने एवं आवेदन प्राप्त किये जायेगें। जिनमें साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट रिपेयरिंग व नई लाईट लगाने, टूटे फेरो कवर व क्रॉस सही कराने, ब्लैक स्पॉट सही करवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन किये जा सकेंगे। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि इन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर राज्य सरकार द्वारा किये जाने वाले कार्यों का लाभ उठाये।

बैठक आयोजित

भरतपुर। भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के विभिन्न विकासकर्ताओं के साथ बीडीए क्षेत्र में विकास के सम्बन्ध में गुरूवार को बीडीए आयुक्त कनिष्क कटारिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आयुक्त बीडीए ने विकासकर्ताओं की समस्याओं एवं दिये गये सुझावों पर विचार विमर्ष करते हुये विकासकर्ता एवं अन्य आवेदकों के प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र करवाये जाने का आष्वासन दिया। निदेशक नगर आयोजना द्वारा नवीन टाउनशिप पॉलिसी 2025, भवन विनियम 2025 तथा राज्य सरकार द्वारा जारी नवीन आदेशों से विकासकर्ताओं को अवगत कराया गया। भू-रूपातंरण, बिल्डिंग प्लान तथा ले-आउट प्लान आदि की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में विकासकर्ताओं द्वारा भरतपुर शहर के नवीन क्षेत्र में विकास की सम्भावनओं के सम्बन्ध में अपने विचार साझा किये। भरतपुर में आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, संस्थानिक आदि क्षेत्रों के लिये उपयुक्त स्थान है।

पर्यावरणीय प्रदूषण : चुनौतियां एवं समाधान राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

जयपुर। एपीजे अब्दुल कलाम राजकीय कन्या महाविद्यालय, गंगापोल, जयपुर एवं इंटरनेशनल सोसायटी फॉर लाइफ साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन पर्यावरणीय प्रदूषण : चुनौतियां एवं समाधान का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह सम्मेलन मालवीय मिशन ट्रेनिंग सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के सभागार में हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया।

दूसरे दिन तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिनमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वानों एवं विशेषज्ञों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। जिनमें मुंबई विश्वविद्यालय के प्रो. वी. पी. एस. शेखावत, एमआईटी, मणिपाल यूनिवर्सिटी के प्रो. डी. के. पांडे, राजस्थान विश्वविद्यालय की प्रो.

समापन सत्र में यूजीसी एमिरेट्स प्रो. डी. के. पांडे, प्रो.मधु कुमार ने विचार व्यक्त किए।

सुमिता कच्छावा एवं प्रो. माला अग्रवाल शामिल रहे। वक्ताओं ने पर्यावरणीय प्रदूषण से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक विचार रखे।

समापन सत्र में यूजीसी एमिरेट्स प्रो. डी. के. पांडे, प्रो.मधु कुमार ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डीडीयू गोरखपुर के पूर्व कुलपति प्रो. अशोक कुमार, प्रो. स्निग्धा शर्मा प्राचार्य, जयपुर महाविद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य करने के लिए संकल्पित करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एपीजे अब्दुल कलाम राजकीय कन्या महाविद्यालय, गंगापोल के प्राचार्य प्रो. हेमंत पारीक ने की। डॉ पारीक ने प्रदूषण जैसी गंभीर समस्या के समाधान हेतु ठोस कदम उठाए जाने का आव्हान किया।

आयोजन सचिव डॉ. बचन सिंह ने प्रस्तुत की। उनके अनुसार इस सम्मेलन में कुल 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन का सीधा प्रसारण गूगल मीट एवं महाविद्यालय के यूट्यूब चैनल पर किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में ऑनलाइन प्रतिभागी तनीषा ने प्रथम, आरुषि बिष्ट ने द्वितीय तथा कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को डी-लिंक कंपनी की ओर से डी-लिंक राउटर उपहारस्वरूप प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. चेतना सहल एवं श धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजकुमार बैरवा ने प्रस्तुत किया।

कलेक्टर ने ग्रामीणों से योजनाओं और समस्याओं पर किया संवाद

डीग । जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल की अध्यक्षता में डीग जिले की कुम्हेर पंचायत समिति स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र जहांगीरपुर, ग्राम पंचायत पिचूमर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीग मोहन सिंह, उपखंड अधिकारी कुम्हेर श्रेष्ठा श्री, बीडीओ कुम्हेर रणवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी

- चंबल पानी सप्लाई सहित गांवों में सड़कों को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने पिचूमर रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से योजनाओं और समस्याओं पर संवाद किया।

साथ ही, ग्रामीणों से राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों पर फीडबैक लिया। ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, चम्बल प्रोजेक्ट, शिक्षा विभाग, जलदाय विभाग एवं विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं के बारे में जिला कलेक्टर को अवगत कराया।

सार्वजनिक निर्माण विभाग से

कलेक्टर डीग उत्सव कौशल की अध्यक्षता में जहांगीरपुर, ग्राम पंचायत पिचूमर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया।

संबंधित जहांगीरपुर में सड़क डामरीकरण करने, नाली बनवाने, जहांगीरपुर-साबौरा सड़क डामरीकरण एवं पिचूमर-अस्तावन सड़क डामरीकरण करने के लिए परिवाद दिया गया। प्रार्थी प्रहलाद सिंह ने जहांगीरपुर और गोविंद सिंह ने पिचूमर में चंबल सप्लाई की समस्या से अवगत कराया।

वहीं भारी बारिश के चलते विद्यालय के भवन को जर्मींदोज़ करने, वर्षा के पानी को खेतों से निकलवाने, 100 केवी लाइन के नीचे से पेड़ो को हटवाने, ट्रांसफार्मर को हटाने सहित अन्य परिवाद दर्ज किए गए।

जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए।

सांभर कांग्रेस में वरिष्ठता गोण, महिलाओं को नहीं मिली तवज्जो

सांभरझील। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव ललित तुनवाल की तरफ से सांभर कांग्रेस कमेटी की उस कार्यकारिणी पर मुहर चस्पा कर दी गई है जिसे क्षेत्रीय विधायक विद्याधर सिंह चौधरी की अनुशंसा के आधार पर भिजवाया गया था। हालांकि इसके लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह से भी स्वीकृति ली गई है।

खास बात तो यह भी है कि कांग्रेस संगठन ने जिन पदाधिकारियों की घोषणा की है उनमें महिलाओं को पूरी तरह से गायब कर दिया गया है यानी कि जो महिलाएं कांग्रेस से लंबे समय से जुड़ी हुई है और अपना बखूबी कार्य करना बताया जा रहा है। कुछ का तो यह भी कहना है कि नारी शक्ति के बिना कांग्रेस कैसे चल पाएगी या फिर उन्हें महिला कार्यकर्ताओं की जरूरत ही नहीं है। महिलाओं को तवज्जो नहीं देना स्थानीय कांग्रेस के लिए एक गहरी नाराजगी का कारण बन सकता है।

सांभर नगर कांग्रेस कार्यकारिणी की घोषित सूची के अनुसार ब्राह्मण समाज के चेहरे पर दाव खेलते हुए कांग्रेस ने दोबारा से नगर अध्यक्ष के पद पर कमल किशोर शुक्ला जो कि स्थानीय स्तर पर डीड राइटर और ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष भी हैं को नियुक्त किया गया है।

बेहतर और राष्ट्रीय स्तर की गहरी जानकारी व तेज तर्रार माने जाने वाले युवा नेता नजम उल हसन उस्मानी को फिर से प्रवक्ता बनाया गया है। सूची में वरिष्ठता का नहीं बल्कि कथित काबिलियत का ध्यान रखते हुए पदों का बंटवारा किया गया है यानी की जिम्मेदारी दी गई है। अब्दुल हमीद कादिर जो कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पहले से ही हैं उन्हें भी कांग्रेस संगठन में पद दिया गया है, हालांकि उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना वक्तव्य जारी कर इस बात को स्पष्ट कर दिया है।

संगठन में पूर्व पार्षदों व पार्षदों को भी अच्छी खासी जगह मिली है, वही नगरपालिका के तत्कालीन चेयरमैन के लघु भ्राता व एक पूर्व चेयरमैन के पुत्र को भी पद दिया गया है।

अब देखना यह है कि अब कांग्रेस संगठन की इस नवीन कार्यकारिणी की घोषणा से क्या रिजल्ट निकल कर सामने आता है यह तो नगर पालिका के चुनाव के समय ही पता चल पाएगा। फिलहाल तो जिन्हें पद मिला उनके बल्ले बल्ले और जो इससे वंचित रह गए वे मायूस तो जरूर हुए होंगे।

जयपुर डेयरी का आईडीएफ डेयरी इनोवेशन अवाड्र्स -2025 के फाइनलिस्ट में चयन

जयपुर। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (जयपुर डेयरी) के लिए आज का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रहा। विश्वविख्यात इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशन द्वारा आयोजित डेयरी इनोवेशन अवाड्र्स 2025 के फाइनलिस्ट में न्यू इनोवेशन कैटेगरी के अंतर्गत अमेरिका, चिली के साथ सरस जयपुर डेयरी का चयन किया गया है। यह उपलब्धि न केवल जयपुर बल्कि संपूर्ण राजस्थान और भारत के डेयरी क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

जयपुर डेयरी का अभिनव भी इस चयन में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है। यह भारत का पहला डेयरी सेक्टर का सिस्टम है, जो प्रतिदिन 6.6 लाख लीटर पानी का पुनर्चक्रण कर रहा है और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक मिसाल कायम कर रहा है। इस उपलब्धि को जयपुर डेयरी न`मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा के जल संरक्षण प्रयासों को समर्पित किया है।

इस सफलता पर जयपुर डेयरी प्रांगण में मिठाई वितरण कर प्रसन्नता व्यक्त की

जयपुर डेयरी प्रांगण में मिठाई वितरण कर प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा भगवान को प्रसाद अर्पित कर सामूहिक रूप से खुशी मनाई ।

गई तथा भगवान को प्रसाद अर्पित कर सामूहिक रूप से खुशी मनाई गई। कर्मचारियों और अधिकारियों ने इस अवसर पर अध्यक्षओमप्रकाश पूनिया और प्रबंध संचालकमनीष फौजदार को बुके भेंट कर स्वागत किया और पूरी टीम को बधाई दी।

अध्यक्षओमप्रकाश पूनिया ने कहा, आज का दिन जयपुर डेयरी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह सम्मान हमारे दुग्ध उत्पादकों, उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के विश्वास का प्रतीक है। हम भविष्य में भी नवाचार और गुणवत्ता के उच्चतम मानदंड स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

प्रबंध संचालकमनीष फौजदार ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा के प्रदेश में जल संरक्षण के प्रयासों

- डेयरी ने यह उपलब्धि माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जल संरक्षण प्रयासों को समर्पित की

को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से जयपुर डेयरी द्वारा यह जल संरक्षण की दिशा में यह कार्य किया गया है साथ ही कैबिनेट मंत्रीजोराराम कुमावत, राज्य मंत्रीजवाहर सिंह बेढ़म, डेयरी एवं पशुपालन सचिव समित शर्मा तथा प्रशासक एवं प्रबंध निदेशक श्रुति भारद्वाज के दिशा-निर्देशों तथा जयपुर डेयरी की टीम भावना से यह ऐतिहासिक उपलब्धि संभव हुई है।

प्रशासक एवं प्रबंध निदेशक श्रुति भारद्वाज ने जयपुर डेयरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि आगे भी इस तरह के नवाचार होते रहें और जयपुर डेयरी देशभर में अपनी अलग पहचान बनाए रखे। उन्होंने पूरी टीम को शुभकामनाएँ दीं।

अस्थि विसर्जन यात्रा हरिद्वार के लिये रवाना

कोटपूतली। मानव कल्याण सेवा समिति (रजि.) कोटपूतली पुलिस थाना के सहयोग से कोटपूतली से हरिद्वार के लिये गुरूवार को अस्थि विसर्जन यात्रा लेकर रवाना हुई। यात्रा को जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश स्वामी, विशाल बंसल, ओमप्रकाश बंसल, सज्जन यादव, सत्यनारायण मिस्त्री आदि हरिद्वार के लिये रवाना हुये।

इस दौरान डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरड़क, नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद, एसएचओ राजेश कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद रहें। अस्थि विसर्जन कलश यात्रा पुलिस थाना कोटपूतली से रवाना होकर कस्बे के विभिन्न मुख्य मार्गो से होती हुई नगर परिषद पार्क के पास पहुंची। यात्रा का हिन्दू जागरण मंच के प्रदीप अग्रवाल व जितेन्द्र जोशी द्वारा पुष्प वर्षा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वहीं पुलिस लाईन के पास डॉ. अष्वनी गोयल व सांवरिया सेठ गौ सेवा समिति द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

सार-समाचार

मंदिर पुनर्निर्माण के लिए आधारशिला रखी

सांभरझील। यह देवयानी तीर्थ स्थल के घाट पर स्थित भगवान भोलेनाथ का मंदिर (जागेश्वर दरबार) आने वाले कुछ माह में एक नये रूप में दिखेगा। यानी की इस मंदिर का पुनर्निर्माण/विस्तार होगा। भोलेनाथ की असीम कृपा से मुम्बई के व्यापारी ओमप्रकाश लाहोटी परिवार के आर्थिक योगदान से इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए यहां जागेश्वर विकास समिति टीम के संयोजक अनिल कुमार गट्टानी, श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा, नाथूलाल गट्टानी और तमाम लोग जो समिति से जुड़े हुए हैं की तरफ से इसके लिए अपना श्रमदान व सहयोग प्रदान करने व भामाशाह ओमप्रकाश लाहोटी के निर्देशानुसार इस काम को अंजाम दिया जा रहा है। इसके लिए वाकायदा जागेश्वर समिति के पदाधिकारियों की ओर से तमाम प्रशासनिक प्रक्रियाओं को भी पूरा करवा लिया गया है। यहां आने वाले प्रतिदिन सैकड़ो भक्तों की आस्था और उनकी धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए बाबा भोलेनाथ की असीम कृपा से लाहोटी परिवार को प्रेरणा प्राप्त हुई कि इस काम को करवाया जाए। गुरुवार को इसी क्रम में मंदिर परिसर में आज वास्तु शास्त्र विशेषज्ञ व ज्योतिषी पंडित विजय प्रसाद गोड ने भूमि का वैदिक मंत्रोचार के साथ शुद्धिकरण करवाया और आधारशिला रखी गई।

पूर्व विधायक ने किया पोस्टर विमोचन

पावटा। रविवार 7 सितम्बर को एआईसीसी महासचिव व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट व राजस्थान एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन डॉ बंशीधर क्लीनिक पंडितपुरा में किया जाएगा। बुधवार को विराटनगर विधानसभा पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सचिन पायलट के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन को लेकर पोस्टर विमोचन किया। एआईसीसी महासचिव व पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट व राजस्थान एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष श्री विनोद जाखड़ के जन्मदिन पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने किया। वही पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र मे एआईसीसी महासचिव व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिवस पर गरीबो को भोजन वितरण का कार्यक्रम, वस्त्र बाटने, फल बाटने,गौशाला मे गायो को चारा खिलाने, पौधारोपण जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सुरेंद्र मीणा, लोकश स्वामी, राजाराम गुर्जर मुखराम गुर्जर सहित मौजूद रहे।

बांध के टापू पर फंसा गौवंश, रेस्क्यू टीमो ने सुरक्षित निकाला

पावटा। ग्राम बुचारा के बनाडी बांध में एक टापू पर दो दिन से फंसे गौवंशो को गौ रक्षकों व स्थानीय लोगो की मदद से अलवर से आई एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला। सभी गायें सुरक्षित बाहर पानी से बाहर निकली। जानकारी के अनुसार बनाडी बांध के बीच में बने टापू पर रात्रि के समय दो दिन से गौ वंश फंसा हुआ था। इस दौरान बांध के पास से गुजर रहे राहगीरो की नजर टापू पर पड़ी जहां गायें फसी हुई थी। जिसकी सूचना गौ रक्षकों को दी गई। गौ रक्षकों ने मौका स्थिति देखते हुए प्रशासन को सूचित किया गया। जिस पर पावटा उपखंड अधिकारी द्वारा अलवर से रेस्क्यू टीम बुलाने के लिए सूचना दी। अलवर से आई रेस्क्यू टीम ने रक्षकों व स्थानीय लोगो की मदद से बनाडी बांध के बीच बने टापू पर गायों के पास पहुंचे। रेस्क्यू टीम ने गायों को सुरक्षित दिशा की ओर आगे बढ़ाया। जिससे सभी गाय पानी से बाहर निकाली। गौ रक्षकों के अनुसार बांध में गहरे गड्ढे ओर झाड़ियां हैं। जिसमें गाय के पांव फंसने की आशंका थी। बाद में गायों के बाहर निकलने पर ग्रामीणों ने उनका आभार जताया।

बॉलीबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम खड़ब स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरूवार को 69 वीं जिला स्तरीय बॉलीबॉल क्रीडा प्रतियोगिता (17 व 19 वर्ष आयु वर्ग छात्र/छात्रा) का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला प्रमुख रमा चौपड़ा व विशिष्ठ अतिथि विधायक प्रतिनिधि राधा पटेल द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन 04 से 07 सितम्बर तक किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला प्रमुख रमा चौपड़ा ने विधार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता हैं। विशिष्ठ अतिथि विधायक प्रतिनिधि राधा पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं हैं। उन्हें समय-समय पर अवसर प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने का मौका देना चाहिये। विशिष्ठ अतिथि प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव, एसीबीईओ पूरण कसाना ने भी अपने विचार व्यक्त किये। जबकि अध्यक्षता सरपंच मालाराम सूद ने की। प्रतियोगिता में कुल 38 टीमों (29 छात्र व 09 छात्रा) के कुल 364 (274 छात्र 89 छात्रा) खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

विधायक कल करेंगे मंदिर का उद्घाटन

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में शनिवार 6 सितंबर को विराटनगर में आजाद पार्क, पावटा में नायरा पेट्रोल पंप के पास आयुष्मान आरोग्य मंदिर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रागपुरा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं सोलर पैनल का उद्घाटन विधायक कुलदीप धनकड़ के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। विधायक धनकड़ ने कहा कि मोदी जी की एक ही सोच है आरोग्य भारत यदि भारत स्वस्थ होगा तभी देश आगे बढ़ेगा और स्वस्थ हाथों से हमेशा विकास ही होगा। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को स्वस्थ्य सेवाएं लेने का अधिकार है। जिसके लिए क्षेत्र में आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुलवाने के लिए प्रयासरत थे। विधायक धनकड़ और जनता के प्रयासों से क्षेत्र में आरोग्य मंदिर खुला। यहां हर तरह की सभी स्वस्थ्य सुविधा मिलेगी।

विराटनगर के मैड स्वास्थ्य केंद्र को मिला आयुष्मान मॉडल का दर्जा

पावटा। विराटनगर उपखंड के ग्राम मैड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को प्रदेश सरकार ने आयुष्मान मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में चुना है। इस फैसले से क्षेत्र के ग्रामीणों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं अपने नजदीक मिलेंगी। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के प्रयासों से संभव हुई है। स्वास्थ्य केंद्र में अब मरीजों को आधुनिक उपकरणों से इलाज मिलेगा। विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सरकार का आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि अब गंभीर बीमारियों के लिए दूर के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि आयुष्मान मॉडल से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आएगा। यह कदम क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने में अहम साबित होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैड़ को आयुष्मान मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने पर प्रदेश मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर का विधायक कुलदीप धनकड सहित विधानसभा क्षेत्रवासियों की ने आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।